CHOWGULE
GROUP
SINCE 1916

क्रमांक / CCPL/SE/2201/17 दिनांक – 10.01.2022

प्रति,

श्रीमान् वन मण्डल अधिकारी
दक्षिण वनमण्डल, शहडोल

**विषय :–** **शहडोल जिले में शाहपुर पूर्व कोल ब्लाक रकबा 659.00 हेक्टे. में से राजस्व वन भूमि 12.733 हेक्टे. तथा राजस्व भूमि रकबा 646.267 हेक्टे. भूमिगत खनन हेतु चौगुले एण्ड कम्पनी प्रा.लि., गोवा को उपयोग में देने बावत्। ऑनलाइन प्रकरण क्रमांक–PF/MP/MIN//147526/2021**

**सदंर्भ :–** **श्रीमान् का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2021 / 7305 शहडोल दिनांक 01.12.2021।**

**—00—**

मान्यवर,

विषयान्तर्गत उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से शाहपुर पूर्व कोल ब्लाक अन्तर्गत प्रभावित 12.733 हेक्टे. राजस्व वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव में पाई गई कमियों की पूर्ति कराने के निर्देश प्रदाय किये गये थे, जिसके तारतम्य में बिन्दुवार प्रतिवेदन निम्नानुसार है :–

1. जिला उमरिया तहसील पाली के ग्राम खम्हरिया खुर्द अन्तर्गत 51.013 राजस्व भूमि प्रस्तावित है। जिस हेतु वन मण्डल कार्यालय उमरिया में प्रस्ताव जमा किया गया है तथा वन मण्डल अधिकारी महोदय उमरिया द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर दिनांक 03.01.2022 को प्रकरण स्वीकृत किये जाने संबंधी अनुशंसा की जा चुकी है। अतः इस बिन्दु हेतु श्रीमान् के कार्यालय से कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

2. शहडोल जिला अन्तर्गत प्रस्तावित निजी भूमि तथा राजस्व वन भूमि के खसरा पंचशाला की सत्यापित प्रतियां प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है तथा प्रथम चरण स्वीकृति के पूर्व समस्त प्रभावित भूमियों के खसरा पंचशाला की सत्यापित प्रतियां श्रीमान् के कार्यालय में प्रस्तुत कर दी जावेगी।

O/C

(Stamp: कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, दक्षिण वनमण्डल शहडोल — आवक क्र. ... दिनांक 10-01-22)

अतः उपरोक्तानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अनुरोध है कि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि देश की उर्जा आवश्यकता हेतु महत्वपूर्ण परियोजना को समय सीमा में प्रारंभ किया जा सके।

(Stamp: CHOWGULE & CO. PVT. LTD. MUMBAI)

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**चौगुले एण्ड कम्पनी प्रा.लि.**
**शाहपुर (पूर्व) भूमिगत खदान परियोजना**
**शहडोल (म.प्र.)**